हिन्दी मिलाप

# इफ्लू में बहुभाषीय शिक्षा पर तीन दिवसीय संगोष्ठी आयोजित



**हैदराबाद, 12 फरवरी**
**(मिलाप ब्यूरो)**

अंग्रेज़ी और विदेशी भाषा विश्वविद्यालय (इफ्लू) में भारत में बहुभाषी शिक्षा रणनीतियों और नीतियों पर आयोजित तीन दिवसीय संगोष्ठी का आज समापन हुआ।

आज यहाँ जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अंग्रेज़ी और विदेशी भाषा विश्वविद्यालय (इफ्लू) में आज बहुभाषाविद और बहुपक्षीयता के कार्यक्रम 'मल्टीलीला' अनुसंधान परियोजना के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। तीन दिवसीय संगोष्ठी में तेलंगाना, आन्ध्र-प्रदेश, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएससी) और पटना राज्य के शिक्षा क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मल्टीलीला का नेतृत्व कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय, अंग्रेज़ी और विदेशी भाषा विश्वविद्यालय, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मल्टी हेल्थ एंड न्यूरो साइंस (एनआईएमएचएएनएस), बेंगलुरू के साथ ब्रिटिश काउंसिल के सहयोग से उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम बच्चों को बहुभाषी बनाने और संज्ञानात्मक क्षमताओं के विकास को बेहतर ढंग से समझने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। भारत और यूके संस्थाओं के साझा हितों से परिचित यह परियोजना नीति निर्धारण करने, शिक्षा में भाषा के बारे में चर्चा और भारत में भाषा समृद्ध संदर्भ में शिक्षा प्रथाओं को बेहतर बनाने में सहयोग करेगी।

कार्यक्रम में इफ्लू के कुलपति प्रो. ई. सुरेश कुमार, यूनिवर्सिटी ऑफ कैम्ब्रिज के प्रो. लैंथी मारिया सिम्पली, ब्रिटिश काउंसिल इंडिया के निदेशक बारबेरा विखैम ने उक्त विषय से पर अपने विचार रखे।